<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय मंत्री ने इरेडा कार्यालय का दौरा किया और कंपनी की रणनीतिक विकास योजना की समीक्षा की

## श्री प्रल्हाद जोशी ने पिछले चार वर्षों के दौरान ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए इरेडा की सराहना की



नई दिल्ली, 30 अगस्त 2024

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के माननीय केंद्रीय मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी ने आज भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के पंजीकृत कार्यालय का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, माननीय मंत्री ने इरेडा के प्रदर्शन और भविष्य के लिए रणनीतिक रोडमैप की समीक्षा की, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया।



इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के माननीय मंत्री, श्री जोशी, इस मंत्रालय के सचिव, श्री भूपिंदर सिंह भल्ला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया। इस समीक्षा बैठक के दौरान, श्री दास ने पिछले चार वर्षों के दौरान इरेडा की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट की गैर-जीवाश्म आधारित विद्युत उत्पादन के भारत सरकार के लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में कंपनी की योजनाओं के बारे में चर्चा की। इस बैठक में इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

माननीय श्री जोशी ने इरेडा की अपने स्थापना के बाद से ही अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने और पिछले चार वर्षों में इसकी उल्लेखनीय वृद्धि के लिए प्रशंसा की। उन्होंने इरेडा को रूफटॉप सोलर, पीएम सूर्य घर पहल, पीएम-कुसुम योजना और अन्य छोटी-छोटी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में उनके वित्तपोषण का

विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि जनता, किसानों और लघु उद्योगों को हरित ऊर्जा समाधानों से जोड़ा जा सके। उन्होंने इरेडा की टीम को कंपनी के तीव्र विकास को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

इस चर्चा के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें इरेडा के क्षेत्रीय वित्तपोषण, विविधीकरण रणनीतियां, भविष्य की वृद्धि और फंड उगाहने की योजनाएं शामिल हैं। माननीय, श्री जोशी को पिछले चार वर्षों के दौरान की गई प्रमुख पहलों के बारे में भी जानकारी दी गई, विशेष रूप से व्यवसाय करने में आसानी, डिजिटलीकरण, स्वचालन, खुदरा प्रभाग की स्थापना और गुजरात के गिफ्ट सिटी में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के स्थापना के बारे में जानकारी दी गई । अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में वित्त पोषण की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इरेडा के चुनौतियों पर भी चर्चा की गई।



इरेडा के सीएमडी, श्री दास ने वर्ष 2030 तक 'नवरत्न' से 'महारत्न' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) में परिवर्तन करने के लिए इरेडा के रणनीतिक रोडमैप को प्रदर्शित करते हुए एक व्यापक प्रस्तुतिकरण दी । उन्होंने एफपीओ, क्यूआईपी या किसी अन्य स्वीकार्य मोड के माध्यम से कंपनी के प्रमुख फंड उगाहने के प्रयासों के बारे में भी प्रकाश डाला, जिसका लक्ष्य अपने परिचालन को मजबूत करने और हरित ऊर्जा क्षेत्र के त्वरित विकास का सपोर्ट करने के लिए लगभग 4,500 करोड़ रुपये जुटाना है। इस अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए, माननीय ,श्री प्रल्हाद जोशी ने पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक, भारत पर्यावास केंद्र पर पौधा लगाकर #एक_पेड़_मां_के_नाम (#Plant4Mother) के अभियान में भी भाग लिया।